सप्रू हाउस पेपर

पश्चिमी हिंद महासागर की विकसित होती भू-राजनीति: भारत से एक प्रवेशिका

संकल्प गुर्जर और अंकिता दत्ता

सारांश

सप्रू हाउस पेपर का, "पश्चिमी हिन्द महासागर की विकसित होती भू-राजनीति: भारत से एक प्रवेशिका" शीर्षक का यह पत्र पश्चिमी हिंद महासागर (डब्ल्यूआईओ) में विकसित होती भू-राजनीति पर केंद्रित है। इसका मानना है कि इस क्षेत्र में प्रमुख शक्तियों की सैन्य उपस्थिति की भूमिका और महत्व को देखते हुए, डब्ल्यूआईओ 21वीं सदी की अंतर्राष्ट्रीय राजनीति का एक प्रमुख आलम्ब बन कर उभरा है। इस पत्र के माध्यम से दो व्यापक विषय निकलते हैं: प्रमुख शक्तियों के बीच प्रतिस्पर्धा तथा डब्ल्यूआईओ की अवस्थिति का चिरस्थायी रणनीतिक महत्व। इन दोनों विषयों के संदर्भ में, यह पत्र सैन्य उपस्थिति पर विचार करता है, जिनमें प्रमुख शक्तियों के ठिकाने, डब्ल्यूआईओ के सामने आ रहीं गैर-पारंपरिक सुरक्षा चुनौतियां तथा प्रमुख क्षेत्रीय संगठनों की भूमिका भी शामिल हैं। यह पत्र डब्ल्यूआईओ की परत-दर-परत खुलती भू-राजनीति को भारतीय दृष्टिकोण से देखता है और भारत की विदेश नीति एवं राष्ट्रीय सुरक्षा में क्षेत्रीय भू-राजनीति के निहितार्थों को सामने लाने में रुचि रखता है। पत्र भारत को डब्ल्यूआईओ में एक प्रमुख हितधारक मानता है और इसलिए, डब्ल्यूआईओ के भूगोल को फिर से परिभाषित करता है।

विषय-सूची

I. परिचय ..... **Error! Bookmark not defined.**

II. तर्क ..... **Error! Bookmark not defined.**

III. पश्चिमी हिन्द महासागर का मानचित्र ..... **Error! Bookmark not defined.**

IV. पश्चिमी हिन्द महासागर की प्रमुख शक्तियां: एक अवलोकन **Error! Bookmark not defined.**

V. संयुक्त राज्य अमेरिका ..... **Error! Bookmark not defined.**

VI. जापान ..... **Error! Bookmark not defined.**

VII. चीन..... **Error! Bookmark not defined.**

VIII. रूस ..... **Error! Bookmark not defined.**

IX. भारत ..... **Error! Bookmark not defined.**

X. यूरोपीय हितधारक ..... **Error! Bookmark not defined.**

1. यूरोपीय संघ ..... **Error! Bookmark not defined.**

2. फ्रांस ..... **Error! Bookmark not defined.**

3. यूनाइटेड किंगडम ..... **Error! Bookmark not defined.**

XI. पश्चिमी एशियाई शक्तियां ..... **Error! Bookmark not defined.**

XII. डब्ल्यूआईओ में गैर पारंपरिक सुरक्षा चुनौतियां ..... **Error! Bookmark not defined.**

1. आतंकवाद ..... **Error! Bookmark not defined.**

2. समुद्री डकैती ..... **Error! Bookmark not defined.**

3. ड्रग्स एवं हथियारों की तस्करी ..... **Error! Bookmark not defined.**

4. जलवायु परिवर्तन ..... **Error! Bookmark not defined.**

5. अवैध, बिना लाइसेंस के और अनियमित (आईयूयू) तौर पर मछली पकड़ना .....**Error! Bookmark not defined.**

XIII. डब्ल्यूआईओ में क्षेत्रीय संगठन ..... **Error! Bookmark not defined.**

1. इंडियन ओसियन रिम एसोसिएशन (आईओआरए) ..... **Error! Bookmark not defined.**
2. इंडियन ओसियन नेवल सिम्पोजियम (आईओएनएस) ..... **Error! Bookmark not defined.**
3. इंडियन ओसियन कमीशन (आईओसी)..... **Error! Bookmark not defined.**

XIV. उपसंहार ..... **Error! Bookmark not defined.**

XV. अभिस्वीकृति ..... **Error! Bookmark not defined.**

XVI. और पढ़ें ..... **Error! Bookmark not defined.**

XVII. संदर्भ ..... **Error! Bookmark not defined.**

I. परिचय

चूँकि 21वीं सदी की भू-राजनीति में हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) केन्द्रीय भूमिका में है, ऐसे में पश्चिमी हिंद महासागर (डब्ल्यूआईओ) एक प्रमुख राजनीतिक और रणनीतिक थिएटर के रूप में उभरा है।[1] डब्ल्यूआईओ को एक ऐसे क्षेत्र के रूप में परिभाषित किया जा सकता है जो स्वेज नहर, दक्षिण अफ्रीका और ओमान के बीच स्थित है, जिसमें उनके तटीय हिस्से और इस विस्तृत स्थान पर स्थित द्वीप राज्य भी शामिल हैं। फारस की खाड़ी और उत्तरी हिंद महासागर पर लगता अरब सागर भी अपने किनारों के साथ डब्ल्यूआईओ की समग्र भू-रणनीतिक गणना का हिस्सा है।[i] बाब अल-मन्देब जलसन्धि और स्वेज़ नहर के रास्ते लाल सागर, डब्ल्यूआईओ के लिए एक महत्वपूर्ण प्रवेश बिंदु है। ज़मीन से घिरे राज्य (दक्षिण सूडान की तरह) जो अपने अंतर्राष्ट्रीय व्यापार और समुद्री कनेक्टिविटी के लिए डब्ल्यूआईओ के तटीय राज्यों पर निर्भर करते हैं, उन्हें 'व्यापक डब्ल्यूआईओ' क्षेत्र का हिस्सा भी माना जा सकता है। इस प्रकार, इस क्षेत्र में बीस से अधिक राज्य शामिल हैं[ii],, जिनमें से कई राजनीतिक रूप से अस्थिर हैं; यह अदन की

[i] It needs to be noted that, from India's strategic considerations, the Persian Gulf is an extension of the Western Indian Ocean security complex. Energy dependence and the presence of a large expatriate community are key drivers for India's engagement and interest in the Persian Gulf. However, this paper does not touch upon the geopolitics within the Persian Gulf including the Saudi-Iranian rivalry, tensions between US and Iran, etc. A separate study is required to map and analyze India's interests in and association with the Gulf.

[ii] **List of countries that are part of the WIO (littoral and island states):** Egypt, Sudan, Eritrea, Israel, Saudi Arabia, Yemen, Djibouti, Somalia, Kenya, Tanzania, Mozambique, South Africa, Madagascar, Comoros,

खाड़ी जैसे महत्वपूर्ण जलमार्गों का घर है; इथियोपिया जैसी तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं का गौरव; और सबसे महत्वपूर्ण बात कि अब यह प्रमुख शक्तियों के तेजी से विस्तार पाते सैन्य ठिकानों की मेजबानी करता है। डब्ल्यूआईओ विश्व अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण है क्योंकि यह बाब अल-मन्देब और होर्मुज जलडमरूमध्य के ज़रिये ऊर्जा संसाधनों की शिपिंग में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है और एशिया की बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं को यूरोप के साथ जोड़ता है।

भारत के लिए, ऐतिहासिक कारणों से तो डब्ल्यूआईओ की खास विशेषता है ही, साथ ही इसलिए भी है कि इस समुद्री मार्ग के ज़रिये होने वाला बाहरी व्यापार इसके जीडीपी के एक बड़े हिस्से का निर्माण करता है। इस क्षेत्र में भारत के समुद्री पड़ोसी और इसके विस्तारित पड़ोस शामिल हैं। डब्ल्यूआईओ इंडो-पैसिफिक क्षेत्र के एकीकृत भू-रणनीतिक क्षेत्र का पश्चिमी किनारा भी बनाता है, जो पूर्वी अफ्रीकी समुद्री तट से लेकर पश्चिमी प्रशांत तक फैला हुआ है, और क्षेत्र में बढ़ते सुरक्षा खतरों, जैसे कि समुद्री डकैती, आतंकवाद और प्रमुख शक्तियों के बीच प्रतिस्पर्धा के कारण, आज सबसे महत्वपूर्ण भू-राजनीतिक हॉटस्पॉट के रूप में जाना जाता है।

II. तर्क

डब्ल्यूआईओ संयुक्त राज्य अमेरिका (यूएस), फ्रांस और चीन जैसी शक्तियों के सैन्य ठिकानों का घर है। रूस के द्वारा हाल ही में यह घोषणा किये जाने के बाद, कि यह सूडान में अपना एक ठिकाना स्थापित कर रहा है, यह स्पष्ट हो गया है क्षेत्र की भू-राजनीति गरमा रही है। पश्चिम एशियाई शक्तियों के बीच प्रतिद्वंद्विता भी डब्ल्यूआईओ में पुरानी बात है। परिणामस्वरूप, इस पूरे क्षेत्र को प्रतिस्पर्धी शक्तियों के बीच एक जटिल और बहुस्तरीय प्रतिद्वंद्विता झेलनी पड़ रही है, जहाँ क्षेत्रीय मामलों को वैश्विक स्तर पर शक्ति की राजनीति के साथ जोड़ा जा रहा है। इस क्षेत्र में प्रमुख शक्तियों की सैन्य उपस्थिति की बढ़ती भूमिका और महत्व को देखते हुए, यह पत्र अपना तर्क रखता है कि डब्ल्यूआईओ 21वीं सदी की अंतर्राष्ट्रीय राजनीति का एक प्रमुख आलम्ब बन कर उभरा है। यह पत्र क्षेत्र के बढ़ते महत्व को समझाने का प्रयास है और यह क्षेत्र

Seychelles, Mauritius, Oman, Iran, Pakistan, Maldives and India (West Coast). **Land-locked states:** South Sudan, Ethiopia, Uganda, Rwanda, Burundi, Zimbabwe, Botswana, Malawi, Eswatini, Lesotho, Eastern DRC and Zambia.

के विभिन्न खिलाडियों और वहां से जुड़ी उनकी गतिविधियों पर नज़र डालता है। यह पत्र निरंतर सामने आ रही इस क्षेत्र की बदलती भू-राजनीति पर ध्यान आकर्षित करने की एक कोशिश है।

इस पत्र से दो व्यापक विषय निकलते हैं: प्रमुख शक्तियों के बीच प्रतिद्वंद्विता और डब्ल्यूआईओ की अवस्थिति का स्थायी रणनीतिक महत्व। इन दोनों विषयों के संदर्भ में, यह पत्र प्रमुख शक्तियों के ठिकानों के साथ-साथ उनकी सैन्य उपस्थिति, डब्ल्यूआईओ के सामने आने वाली गैर-पारंपरिक सुरक्षा चुनौतियों तथा प्रमुख क्षेत्रीय संगठनों पर विचार करता है। यह पत्र डब्ल्यूआईओ की परत-दर-परत खुलती भू-राजनीति को भारतीय दृष्टिकोण से देखता है और भारत की विदेश नीति एवं राष्ट्रीय सुरक्षा में क्षेत्रीय भू-राजनीति के निहितार्थों को सामने लाने में रुचि रखता है। पत्र भारत को डब्ल्यूआईओ में एक प्रमुख हितधारक मानता है और इसलिए, डब्ल्यूआईओ के भूगोल को फिर से परिभाषित करता है।

शक्ति की होड़

प्रमुख शक्तियों के बीच प्रतिद्वंद्विता डब्ल्यूआईओ की क्षेत्रीय भू-राजनीति की एक अनिवार्य विशेषता के रूप में उभरी है। चीन, फ्रांस और अमेरिका सहित प्रमुख शक्तियां इस क्षेत्र में अपनी बहुआयामी उपस्थिति और सैन्य पहुंच को बढ़ाने तथा उन्हें समेकित करने में सक्रिय रूप से जुटी हुई हैं। उन्होंने डब्ल्यूआईओ में अपने स्थायी सैन्य पदचिह्न सुनिश्चित करने के प्रयास किए हैं और अपनी सैन्य सुविधाओं के दायरे का कई गुना विस्तार किया है। समुद्री डकैती रोधी, आतंकवाद रोधी और समुद्री सुरक्षा अभियानों के लिए नियमित सैन्य उपस्थिति, रक्षा कूटनीति जिसमें मानवीय सहायता और आपदा राहत (HADR) के प्रयास शामिल हैं तथा इस क्षेत्र में नौसैनिक अभ्यास- इन देशों की बढ़ती शक्ति और रुचि को दर्शाते हैं।

अपनी गतिविधियों और कार्यों का विस्तार करके, ये प्रमुख शक्तियां अपने प्रतिद्वंद्वी पर सापेक्ष लाभ प्राप्त करना और अपने विरोधी के प्रभाव के घेरे को सीमित करना चाहती हैं। इसके लिए, छोटे किन्तु रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण मौजूदगी रखने वाले जिबूती और सेशेल्स जैसे राज्यों को भी मनाया जा रहा है, उन्हें फुसलाया जा रहा है। सूडान और इरीट्रिया जैसे राज्यों ने बड़ी शक्तियों से मिले इस तवज्जो का लाभ अपने फायदे के लिए उठाया है, जबकि यमन जैसे संघर्षग्रस्त राज्य को इस उभरती हुई भू-राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता के बड़े प्रतिकूल प्रभावों का

सामना करना पड़ा है। प्रमुख खिलाड़ियों के बीच शक्ति को लेकर प्रतिस्पर्धा 1970 से ही डब्ल्यूआईओ की एक निरंतर विशेषता रही है जो 21वीं सदी के पहले दो दशकों में और अधिक तीव्र हुई है। ऐसे में इस बात की पूरी संभावना है कि अमेरिका और चीन के बीच इंडो-पैसिफिक प्रतिद्वंद्विता तेज होने के साथ ही, डब्ल्यूआईओ की भूमिका और अधिक महत्वपूर्ण हो जाएगी।

डब्ल्यूआईओ की अवस्थिति का स्थायी रणनीतिक महत्व

डब्ल्यूआईओ रणनीतिक रूप से एशिया, अफ्रीका और यूरोप के चौराहे पर स्थित है, और इसलिए इस क्षेत्र की प्रमुख शक्तियों को आकर्षित करता है। यह दुनिया की ऊर्जा हृदयस्थली यानी पश्चिम एशिया के करीब है और इस क्षेत्र से गुजरने वाली समुद्री गलियां वैश्विक ऊर्जा सुरक्षा के लिए बेहद महत्वपूर्ण हैं। बाब अल-मन्देब जलसन्धि, होर्मुज के जलडमरूमध्य, मोजाम्बिक चैनल और केप ऑफ गुड होप जैसे कई समुद्री चोकपॉइंट डब्ल्यूआईओ के भीतर स्थित हैं। हिंद महासागर के बंद भूगोल के लिए, ये चोकप्वाइंट महत्वपूर्ण प्रवेश और निकास बिंदु भी हैं। इन चार के अलावा, एक और चोकपॉइंट यानी स्वेज नहर भी डब्ल्यूआईओ की भू-राजनीति के लिए महत्वपूर्ण है। ये पाँचों चोकपॉइंट अंतरराष्ट्रीय व्यापार और क्षेत्र से गुजरने वाली समुद्री गलियों की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण हैं और इनका वैश्विक अर्थव्यवस्था पर सीधा प्रभाव पड़ता है।

डब्ल्यूआईओ का स्थान संसाधनों की सुरक्षा के संदर्भ में भी महत्वपूर्ण है। सोमालिया और मोजाम्बिक के बीच का क्षेत्र एक नए ऊर्जा हॉटस्पॉट के रूप में उभर रहा है और दक्षिण अफ्रीका, डेमोक्रेटिक रिपब्लिक ऑफ कांगो (डीआरसी) तथा ज़िम्बाब्वे जैसे राज्य यूरेनियम, तांबा, प्लैटिनम और सोने जैसे रणनीतिक खनिजों से समृद्ध हैं। डब्ल्यूआईओ में सार्थक उपस्थिति इन संसाधनों एवं अन्य तक पहुंच सुनिश्चित करती है जिसके फलस्वरूप, बड़े देशों की इनमें दिलचस्पी बढ़ती है। ब्लू इकोनॉमी के विकास, समुद्रतल खनन और तटीय कल्याण जैसे उभरते क्षेत्र भविष्य में

डब्ल्यूआईओ के महत्व को और बढ़ा सकते हैं। अत: अपनी अवस्थिति के कारण डब्ल्यूआईओ का बढ़ता सामरिक महत्व अंतर्राष्ट्रीय राजनीति की एक प्रमुख विशेषता है।

दृष्टिकोण

यद्यपि बड़े पैमाने पर डब्ल्यूआईओ क्षेत्र को इंडो-पैसिफिक के संदर्भ में देखा जाता है, लेकिन इस पत्र का उद्देश्य विशेष रूप से डब्ल्यूआईओ पर एक विहंगम दृष्टि डालना है। चूँकि यह इस गतिशील रणनीतिक थिएटर की परतें खोलता है, अत: इस पत्र को स्थूल वास्तविकता प्रस्तुत करने के लिए तैयार किया गया है। यह बड़ी शक्तियों और क्षेत्र में उनके प्रमुख रणनीतिक संबंधों को व्याख्यात्मक तरीके से शामिल करता है। इसका उद्देश्य उन गतिविधियों को शामिल करना है, जो डब्ल्यूआईओ की भू-राजनीति से सम्बद्ध हैं और उसे प्रभावित करती हैं।

यह पत्र गैर-पारंपरिक सुरक्षा खतरों का भी विश्लेषण करता है जो क्षेत्र की सुरक्षा गतिकी पर गहरा प्रभाव डालते हैं। मौजूदा गैर-पारंपरिक सुरक्षा खतरे कुछ हद तक, प्रमुख शक्तियों को इस क्षेत्र में लाने और उनकी निरंतर उपस्थिति को औचित्य प्रदान करने के लिए जिम्मेदार थे। डब्ल्यूआईओ की रणनीतिक महत्ता बढ़ने के साथ ही, हिंद महासागर से संबंधित अंतर्राष्ट्रीय संगठनों की भूमिका को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। हालाँकि, कुछ हद तक कमतर आंके जाने के बाद भी, ये संगठन प्रमुख मुद्दों की पहचान के लिए जरूरी मंच के तौर पर काम करते हैं, तथा कई मुद्दों पर प्रभावी सहकारी रणनीतियों के निर्माण के लिए आवश्यक कदमों पर चर्चा करते हैं, जिनमें जलवायु परिवर्तन, आपदा प्रबंधन, समुद्री सुरक्षा जैसे मुद्दे शामिल हैं। यह पत्र आईओआरए, आईओएनएस, तथा आईओसी द्वारा क्षेत्रीय सुरक्षा और प्रशासन को लेकर निभाई जाने वाली भूमिका पर संक्षेप में विचार करता है।

III. पश्चिमी हिन्द महासागर का मानचित्र



श्रोत: गूगल मैप डाटा; 2021

मानचित्र केवल उदाहरण के लिए है। इसे पैमाना नहीं माना जाना चाहिए।

IV. पश्चिमी हिंद महासागर की प्रमुख शक्तियां: एक अवलोकन

1860 के दशक में स्वेज़ नहर के खुलने के साथ ही, डब्ल्यूआईओ में मौजूद बड़ी शक्तियों और औपनिवेशिक प्रतिद्वंद्वियों में स्पर्धा तेज़ हो गई। 19वीं सदी के अंत और 20वीं सदी के प्रारंभ में, ब्रिटेन, फ्रांस और इटली ने इस क्षेत्र के प्रदेशों और चोकपॉइंट पर नियंत्रण के लिए मुकाबला किया।[2] ब्रिटेन ने अदन, मिस्र, सूडान और सोमालिया के कुछ हिस्सों को प्राप्त करने में सफलता पा ली और फ्रांस को छोटे किन्तु रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण जिबूती के साथ-साथ दक्षिण-पश्चिम हिंद महासागर द्वीप समूह जैसे कि मैडागास्कर, कोमोरोस और रियूनियन द्वीप तक सीमित कर दिया। इटली इरीट्रिया और सोमालिया के कुछ हिस्सों पर नियंत्रण स्थापित करने में कामयाब रहा, जबकि इम्पीरियल जर्मनी, जो कि इस औपनिवेशिक प्रतियोगिता में देर से शामिल हुआ था, ने तंजानिया पर कब्ज़ा कर लिया। इनके अतिरिक्त, 16वीं शताब्दी के बाद से मोजाम्बिक और गोवा (भारत के पश्चिमी तट पर) पुर्तगाल के कब्जे में थे।

डब्ल्यूआईओ के चारों ओर महान शक्तियों के बीच राजनीति का ट्रेंड शीत युद्ध के वर्षों तक भी चलता रहा जब संयुक्त राज्य अमेरिका (यूएस) और सोवियत संघ का आगमन बड़ी शक्तियों के तौर पर हुआ। विश्व के केन्द्रीय ऊर्जा क्षेत्र के रूप में पश्चिम एशियाई क्षेत्र के उद्भव ने महाशक्तियों की गणना में डब्ल्यूआईओ के सामरिक महत्व को और अधिक बढ़ा दिया। क्षेत्र में मजबूत मुकाम हासिल करने के लिए दोनों महाशक्तियों ने डब्ल्यूआईओ में गठबंधन बनाए और प्रतिनिधियों का निर्माण किया। 1967 में 'स्वेज़ के पूर्व' से ब्रिटिश नौसेना की वापसी के मद्देनजर 1970 के दशक में इन महाशक्तियों और उनके क्षेत्रीय प्रतिनिधियों के बीच स्पर्धा तेज़ हो गई थी। सोवियत संघ ने इथियोपिया, मोजाम्बिक, यमन और सोमालिया में दोस्ताना शासन कायम किया, जबकि अमेरिका ने रंगभेद के शिकार देशों, यथा दक्षिण अफ्रीका, केन्या,

सऊदी अरब और मिस्र में अपना समर्थन बढ़ाया।[3] शीत युद्ध के बाद की दुनिया में, रूस अब विदेशी सैन्य ठिकानों को बनाए रखने में सक्षम नहीं था, जबकि 1993 में सोमालिया में 'ब्लैक हॉक डाउन' के असफल होने के बाद, जिसमें 18 अमेरिकी सैनिक मारे गए थे, अमेरिका भी आंशिक रूप से पीछे हट गया था। हालांकि, इसने डिएगो गार्सिया में अपने ठिकाने के ज़रिये इस क्षेत्र में अपनी उपस्थिति को बनाए रखा। फ्रांस ने इस क्षेत्र में (जिबूती में ठिकाने के साथ) अपनी उपस्थिति बनाए रखी और बजट में कटौती, छंटनी तथा अपनी रक्षा नीति के पुनर्मूल्यांकन के बावजूद यहाँ अपनी पैठ मजबूत की।

अमेरिका ने 11 सितंबर, 2001 (9/11) के आतंकवादी हमलों के बाद 2002 में जिबूती में सैन्य अड्डे की स्थापना के साथ डब्ल्यूआईओ में सक्रिय वापसी का संकेत दिया। जिबूती का यह ठिकाना इस क्षेत्र में अमेरिकी सैन्य उपस्थिति का सबसे प्रमुख स्तंभ है। पिछले एक दशक में, जापान और चीन के साथ-साथ फ्रांस, जर्मनी, स्पेन और इटली ने भी जिबूती में अपने सैन्य ठिकाने स्थापित किए हैं। ये देश अब समुद्री डकैती और आतंकवाद से लड़ने के लिए क्षेत्र में नियमित रूप से सैन्य संपदा तैनात कर रहे हैं।[4] इस संदर्भ में, जिबूती में चीन की नियमित नौसैनिक उपस्थिति और एक प्रमुख सैन्य ठिकाने ने सबका ध्यान खींचा है। भारत भी समुद्री डकैती रोधी प्रयासों में हॉर्न ऑफ़ अफ्रीका के तट पर एक सक्रिय भागीदार है और इसने धीरे-धीरे इस क्षेत्र में अपनी राजनयिक और सैन्य उपस्थिति का विस्तार किया है। हाल ही में, रूस ने सूडान के साथ लाल सागर तट पर सैन्य अड्डा स्थापित करने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं और यह डब्ल्यूआईओ की उभरती हुई भू-राजनीति में एक और महत्वपूर्ण कारक है।[5] इसके अलावा, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), कतर, इजरायल और तुर्की जैसी प्रमुख पश्चिम एशियाई ताकतों ने भी डब्ल्यूआईओ के बड़े हिस्सों में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है, विशेष रूप लाल सागर के आसपास।[6]

डब्ल्यूआईओ में विकसित हो रही भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्धा जटिल और बहुआयामी है। साथ ही साथ, इसका दायरा और प्रकृति क्षेत्रीय व वैश्विक दोनों है। यह राजनीति, कूटनीति और रणनीति जैसे विविध क्षेत्रों में फैली है और इसमें कई अभिनेता शामिल हैं। परिणामस्वरूप, डब्ल्यूआईओ में प्रमुख शक्तियों की उपस्थिति, उनका चित्रण और दृष्टिकोण तथा भारत के लिए इसके निहितार्थों पर विचार करना आवश्यक है।

V. संयुक्त राज्य

अमेरिका के लिए, दो सैन्य कमांड डब्ल्यूआईओ को कवर करते हैं: अफ्रिकोम अफ्रीका में हिंद महासागर के तटीय क्षेत्रों तथा लाल सागर के कुछ तटीय हिस्सों को कवर करता है जबकि सेंटकॉम लाल सागर के उत्तरी और पूर्वी तट (मिस्र सहित) और साथ ही अरब प्रायद्वीप के दक्षिणी राज्यों को भी कवर करता है, जैसे कि यमन और ओमान।[7] ईरान और पाकिस्तान भी सेंटकॉम द्वारा कवर किए गए हैं। ये दोनों कमांड और इसके परिणामस्वरूप डब्ल्यूआईओ में पर्याप्त अमेरिकी सैन्य उपस्थिति (वायु, नौसैनिक और उभयचर जहाज एवं लड़ाकू विमान जैसी संपत्तियां) अमेरिकी रणनीतिक और सैन्य उपस्थिति तथा शक्ति का प्रतिनिधित्व करते हैं। संक्षेप में कहें तो, डब्ल्यूआईओ में अफ्रीका, पश्चिम एशिया और हिंद महासागर के प्रति अमेरिकी रणनीति और जिबूती में इसका सैन्य अड्डा इस संबंध के केंद्र में है। अमेरिका ने इस अड्डे को 2002 में यमन और सोमालिया में आतंकवाद-रोधी अभियानों का संचालन करने तथा क्षेत्रीय घटनाओं का अधिक प्रभावी ढंग से निगरानी करने के लिए स्थापित किया था।[8] इस क्षेत्र से गुजरने वाले संचार के समुद्री गलियारों (एसएलओसी) की सुरक्षा में अब भी अमेरिका की दिलचस्पी है। उल्लेखनीय है कि 9/11 से पहले के दो बड़े आतंकी हमले डब्ल्यूआईओ में हुए थे:

1998 में केन्या और तंजानिया में अमेरिकी दूतावासों पर बमबारी और 2000 में यमन जलक्षेत्र के पास नौसैनिक युद्धपोत यूएसएस कोल पर हमला।

जिबूती का सैन्य अड्डा 2003 में इराक पर अमेरिका के आक्रमण के समय बहुत काम आया था, साथ ही यह क्षेत्र से खुफिया जानकारी इकट्ठा करने के लिए निगरानी उड़ानें शुरू करने के लिए भी उपयोगी था। अब तक, अमेरिका जिबूती में लगभग 4000 सैनिकों को तैनात कर चुका है।[9] 2012 में लीबिया में अमेरिकी दूतावास पर हमले के बाद से, अमेरिका ने इस क्षेत्र से राजनयिक कर्मचारियों को निकालने के लिए जिबूती में 150 विशेष बलों को बनाए रखा है।[10] इन वर्षों में, यूएस के आतंकवाद-रोधी अभियानों में कई गुना वृद्धि हुई है और अमेरिकी सेना ने गहरे प्रभाव के लिए ड्रोन तैनात किए हैं।[11] अमेरिका जिबूती में एक फ्रांस द्वारा नियंत्रित हवाई अड्डे से ड्रोन का संचालन करता है। वाशिंगटन पोस्ट ने लिखा था, "कैम्प लेमनियर अफ्रीका में आधा दर्जन अमेरिकी ड्रोन और निगरानी ठिकानों के विस्तार वाले तारामंडल का केंद्र बिंदु है, जिसे पूरे महाद्वीप में, माली से लेकर लीबिया और मध्य अफ्रीकी गणराज्य तक आतंकवादी समूहों की एक नई पीढ़ी का मुकाबला करने के लिए बनाया गया है। अमेरिकी सेना इथियोपिया और सेशेल्स के छोटे नागरिक हवाई अड्डों से भी ड्रोन उड़ाती है, लेकिन वे ऑपरेशन उनके सामने फीके हैं, जिनका पता जिबूती में चल रहा है। वास्तव में, 2011 में अल-कायदा के सदस्य अनवर-अल-अवलाकी को मारने के लिए अमेरिकी ड्रोन जिबूती और अरब प्रायद्वीप में एक गुप्त अड्डे से उड़े और यमन के ऊपर मिल गए।[12]

डब्ल्यूआईओ में आतंकवाद-रोधी प्रयासों के अलावा, एंटी-पायरेसी और समुद्री सुरक्षा का संचालन करने के लिए, अमेरिका तीन नौसैनिक कार्य बलों का भी समन्वय करता है जिसमें कई अमेरिकी सहयोगी और अन्य साझेदार देश शामिल हैं।[13] 9/11 के आतंकवादी हमलों के बाद गठित संयुक्त टास्क फोर्स (CTF) -150 का कार्य फारस/अरब की खाड़ी के बाहर समुद्री सुरक्षा

का संचालन करना है। यह लाल सागर, अदन की खाड़ी, ओमान की खाड़ी और उत्तर-पश्चिम हिंद महासागर को कवर करता है।[14] सीटीएफ-152 सीटीएफ-150 के प्रयासों को पूरा करता है और खाड़ी के भीतर ऑपरेशन चलाता है। 2007-08 में सोमालिया के तट पर समुद्री डकैती के बढ़ते खतरे को देखते हुए सीटीएफ-151 को समुद्री डकैती-रोधी कार्यों को अंजाम देने के लिए शुरू किया गया था।[15] डब्ल्यूआईओ की समग्र सुरक्षा के लिए सीटीएफ-151 भारत और चीन जैसी अन्य प्रमुख शक्तियों की नौसेनाओं के साथ भी समन्वय रखता है।

अमेरिका की सैन्य उपस्थिति केन्या, इथियोपिया, सोमालिया और सेशेल्स में भी है।[16] हाल ही में, अमेरिका ने सोमालिया से सैनिकों की वापसी और केन्या में उनके पुनर्नियोजन की घोषणा की।[17] ये ठिकाने जिबूती जितने बड़े नहीं हैं, लेकिन फिर भी मौजूदा और संभावित खतरों को बेअसर करने के लिए इस क्षेत्र में अमेरिकी युद्धशक्ति को स्थापित करने की दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं। इनमें से ज्यादातर सैन्य स्थलों को 'सहकारी सुरक्षा स्थलों' के रूप में बताया गया है और विदेशी सैन्य ठिकानों से जुड़े नकारात्मक राजनीतिक नतीजों से बचने के लिए इन्हें गुप्त रखा गया है।[18] अमेरिका के हित में डब्ल्यूआईओ को सुरक्षित करने के लिए ये स्थल पश्चिम एशिया में अमेरिकी सैन्य ठिकानों (जैसे बहरीन, कुवैत, कतर, यूएई और ओमान में), जिबूती के साथ-साथ डिएगो गार्सिया बेस (मध्य हिंद महासागर में) से जुड़े हुए हैं।[19] डब्ल्यूआईओ में अमेरिका की यह सैन्य मौजूदगी इस क्षेत्र में तीव्र होती भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्धा के संदर्भ में अधिक महत्वपूर्ण है।

भारत के लिए, डब्ल्यूआईओ में अमेरिका की उपस्थिति दुविधापूर्ण स्थिति पैदा करती है। यह डब्ल्यूआईओ के समुद्री मार्गों को सुरक्षित करने के लिए कार्य करता है और आतंकवाद, पायरेसी तथा ड्रग तस्करी जैसे खतरों का मुकाबला करने के लिए उपयोगी है। इस क्षेत्र में चीन की बढ़ती सैन्य उपस्थिति के मद्देनजर, डब्ल्यूआईओ में भारत-अमेरिका समुद्री भागीदारी सामरिक महत्व

रखती है। हालाँकि, अमेरिका का ईरान के प्रति शत्रुतापूर्ण रुख रखना और बदले में ईरान का भी चीन और रूस के साथ नौसैनिक अभ्यास करना और अमेरिका का अफ-पाक क्षेत्र में दिलचस्पी लेना, डब्ल्यूआईओ के साथ भारत के संबंधों को जटिल बना देता है। परिणामस्वरूप, डब्ल्यूआईओ में भारत और अमेरिका के बीच हितों का एक होना आसान काम नहीं है, जैसा कि पूर्वी हिंद महासागर में हुआ है, और इसके लिए दोनों पक्षों को निरंतर प्रयास करने की आवश्यकता होगी।

VI. जापान

जापान, जो मुख्य रूप से एक पैसिफिक शक्ति है, समुद्री डकैती रोधी प्रयासों के तहत 2009 से ही डब्ल्यूआईओ में सोमालिया के तट पर विमान और नौसेना के जहाज भेज रहा है क्योंकि अपने ऊर्जा और आर्थिक हितों के लिए उसे क्षेत्र में अपनी गतिविधियों को बढ़ाना जरूरी था।[20] समुद्री डकैती रोधी अभियानों ने जापान को अच्छे तरीके से क्षेत्र में अपनी उपस्थिति दर्ज करने और अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रयासों में योगदान करने का मौका दिया। इसलिए, फ्रांस और अमेरिका के बाद, जापान 2011 में जिबूती में सैन्य अड्डा खोलने वाला तीसरा देश बन गया। यह द्वितीय विश्व युद्ध के बाद जापानी आत्मरक्षा बलों का पहला विदेशी सैन्य अड्डा भी है।[21] जिबूती में जापानी सैन्य अड्डा अमेरिकी बेस के पास स्थित है और यह जापान को कई गतिविधियों के संचालन में मदद करता है जिसमें दक्षिण सूडान में संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन का समर्थन भी शामिल है।

जापान इस क्षेत्र में अपने ऊर्जा, आर्थिक और भू-राजनीतिक हितों के कारण पश्चिम एशिया और अफ्रीका के साथ जुड़ने के प्रयासों को आगे बढ़ा रहा है। पश्चिम एशिया से जापान का तेल आयात 89% और गैस का आयात 18% है।[22] नतीजतन, जापान हिंद महासागर के शिपिंग लेन

पर बहुत अधिक निर्भर करता है और इस क्षेत्र में सुरक्षा एवं शक्ति के संतुलन को सुनिश्चित करने के लिए यह एक महत्वपूर्ण स्तंभ है। इसके परिणामस्वरूप, यह चीन की बढ़ती उपस्थिति का मुकाबला करने सहित इस क्षेत्र में अपनी गतिविधियों को बढ़ा रहा है।[23] डब्ल्यूआईओ में इन पैसिफिक शक्तियों की बढ़ती रुचि इंडो-पैसिफिक क्षेत्र के एक रणनीतिक वास्तविकता के रूप में उद्भव को इंगित करती है और एक जटिल भू-राजनीतिक गतिकी के लिए मार्ग प्रशस्त करती है। इस संदर्भ में, भारत, जापान और दक्षिण कोरिया जैसे खिलाड़ियों का महत्व लगातार बढ़ रहा है।

डब्ल्यूआईओ के साथ संबंधों के तहत अफ्रीका के साथ विकासात्मक और आर्थिक जुड़ाव [जापान इंटरनेशनल कोऑपरेशन एजेंसी (JICA) और अफ्रीका के विकास पर टोक्यो इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस (TICAD) जैसी एजेंसियों और पहलों के माध्यम से] भी जापान के लिए एक महत्वपूर्ण हित के रूप में उभर रहा है।[24] हाल ही में, दिसंबर 2020 में, जापानी विदेश मंत्री तोशिमित्सु मोतेगी ने चार अफ्रीकी देशों का दौरा किया; जिनमें से तीन (दक्षिण अफ्रीका, मॉरीशस और मोजाम्बिक) डब्ल्यूआईओ में स्थित हैं।[25] इंडो-जापानी पहल एशिया-अफ्रीका ग्रोथ कॉरिडोर (AAGC) को चीन के बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव (BRI) के विकल्प के रूप में पेश किया जा रहा है। डब्ल्यूआईओ एएजीसी का एक महत्वपूर्ण तत्व बन सकता है।[26] हालाँकि, यह ध्यान देने की जरूरत है कि अभी तक एएजीसी को कोई ठोस प्रगति नहीं मिली है। कथित तौर पर, भारत और जापान अधिग्रहण और क्रॉस सर्विसिंग समझौते (ACSA) के तहत भारतीय नौसेना को जिबूती में जापानी अड्डे तक पहुंचने की अनुमति के लिए बातचीत कर रहे हैं जबकि दूसरी ओर जापानी नौसेना भी भारत के अंडमान और निकोबार द्वीप समूह तक पहुंचने में सक्षम होगी।[27] भारत जिबूती तक पहुंचने के लिए उत्सुक रहा है और जापान इस प्रयास में एक इच्छुक भागीदार होगा। नतीजतन,

डब्ल्यूआईओ में जापानी रुचि आने वाले वर्षों में बढ़ने की संभावना है जो वृहत इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में भारत-जापान रणनीतिक साझेदारी की आवश्यकता पर बल देता है।

VII. चीन

इंडो-पैसिफिक क्षेत्र में एक बड़ी आर्थिक और सैन्य शक्ति के रूप में चीन के उदय और हिंद महासागर में इसके विस्तार को रणनीतिक हलकों में चिंता के साथ देखा जा रहा है। चीन के लिए, तीन घटनाक्रमों ने डब्ल्यूआईओ में स्थायी तौर पर सैन्य उपस्थिति को प्रासंगिक बना दिया: 2008-09 में सोमालिया के तट पर समुद्री डकैती का बढ़ता खतरा, 2011 में गृहयुद्ध से ग्रस्त लीबिया से 35,000 चीनी नागरिकों को निकालने का अभियान और 2015 में यमन से (जिबूती होते हुए) चीनी नागरिकों की निकासी।[28] इसके अलावा, चीन केन्या, इथियोपिया, तंजानिया और सूडान जैसे डब्ल्यूआईओ देशों के साथ उत्तरोत्तर आर्थिक और बुनियादी ढांचा संबंधों का निर्माण कर रहा है। इन वर्षों में, चीन अफ्रीकी देशों का सबसे बड़ा व्यापारिक भागीदार बन गया है (चीन और अफ्रीका के बीच द्विपक्षीय व्यापार 2019 में 192 बिलियन डॉलर था) । अपनी आर्थिक वृद्धि को बनाए रखने के लिए यह पश्चिम एशिया और अफ्रीका के ऊर्जा संसाधनों पर निर्भर है, जिसे हिंद महासागर से परिवहन किया जाता है।[29] इसके अतिरिक्त, चीन डब्ल्यूआईओ क्षेत्र में बड़े पैमाने पर बंदरगाहों (केन्या में लामू और तंजानिया में बागामोयो) तथा रेलवे (केन्या और इथियोपिया-जिबूती में) का निर्माण करा रहा है, साथ ही साथ यह जिम्बाब्वे और दक्षिण अफ्रीका के साथ घनिष्ठ कूटनीतिक संबंधों का आनंद भी उठा रहा है।[30] इस प्रकार, डब्ल्यूआईओ, चीन के बीआरआई का एक प्रमुख घटक है। ये सभी कारक चीन की सैन्य और कूटनीतिक रणनीति में डब्ल्यूआईओ क्षेत्र की बढ़ती प्रासंगिकता की ओर इशारा करते हैं।

डब्ल्यूआईओ में चीन की सैन्य उपस्थिति 2008-09 से है जब पीपुल्स लिबरेशन आर्मी नेवी (पीएलएएन) ने समुद्री डकैती रोधी अभियानों के लिए, खुले रूप से अपने युद्धपोतों को तैनात करना शुरू कर दिया। तब से, चीन अपने नौसैनिक जहाजों को तैनात करता आ रहा है जिसमें एक परमाणु पनडुब्बी भी शामिल है।[31] चीनी नौसेना के जहाज न केवल डब्ल्यूआईओ में समुद्री डकैती को रोकने के लिए कार्य करते हैं बल्कि हिंद महासागर के ऑपरेटिंग वातावरण का अध्ययन करने, रक्षा कूटनीति का संचालन करने, पोर्ट कॉल करने और इसकी समग्र सैन्य उपस्थिति को नियमित करने में भी मदद करते हैं।[32]

2017 में जिबूती में एक सैन्य अड्डे के निर्माण के बाद डब्ल्यूआईओ में चीन के हित खुल कर सामने आ गए हैं। जिबूती में सैन्य अड्डा इसका पहला फॉरवर्ड ऑपरेटिंग बेस है, जो चीन को डब्ल्यूआईओ की निगरानी करने की अनुमति देता है, विशेष रूप से अमेरिका और उसके सहयोगियों की गतिविधियों की। साथ ही यह चीन के एंटी-पाइरेसी नौसेना अभियानों का समर्थन करता है और इस क्षेत्र में चीनी संपत्ति एवं नागरिकों की रक्षा करता है। कथित तौर पर, चीन जिबूती के दोरालेह बंदरगाह तक पहुंच चुका है, जो चिंता का कारण है। जिबूती में चीन का ठिकाना कई हजार सैनिकों को शरण दे सकता है और यह इस क्षेत्र में चीनी शक्ति के प्रदर्शन की ओर एक बड़ा कदम है।[33]

ग्वादर (पाकिस्तान) में चीन के संभावित सैन्य अड्डे को भी मिला दें तो डब्ल्यूआईओ में उसकी मौजूदगी और ईरान सहित क्षेत्र के अन्य देशों के साथ गहरे संबंध भारत के लिए रणनीतिक चुनौतियों की एक श्रृंखला प्रस्तुत करते हैं।[34] चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (CPEC) जैसी बीआरआई परियोजनाओं से क्षेत्र में इसकी उपस्थिति और बढ़ने की संभावना है। इसके अलावा, चीन ने डब्ल्यूआईओ में अपनी राजनयिक उपस्थिति का भी विस्तार किया है: इसने 2014 में सोमालिया में अपने दूतावास को फिर से खोला और मेडागास्कर व सेशेल्स के साथ लचीले संबंध

भी बनाए हैं।[35] 2019 में, चीन के पीएलएएन (PLAN) ने डब्ल्यूआईओ में ईरान, रूस और दक्षिण अफ्रीका के साथ नौसेनिक अभ्यास किया।[36] इन गतिविधियों से पता चलता है कि इस क्षेत्र में शक्ति संतुलन भारी दबाव में है। पीएलएएन की बढ़ती पहुंच इस क्षेत्रीय संतुलन में और भी खिंचाव पैदा करने जा रही है। इस संदर्भ में, भारत, जापान, फ्रांस, ब्रिटेन और अमेरिका जैसी शक्तियों के बीच पूरी क्षमताओं के साथ हुए रणनीतिक सहयोग के महत्व को ख़ारिज नहीं किया जा सकता है। यह रणनीतिक तस्वीर इस तथ्य से और अधिक जटिल हो जाती है कि रूस भी डब्ल्यूआईओ में लौट रहा है।

VIII. रूस

रूस द्वारा सूडान में लाल सागर तट पर एक सैन्य अड्डे की स्थापना की घोषणा के साथ ही,[37] इस बात पर ध्यान देने की जरूरत है कि, सोवियत रूस 1970 और 1980 के दशक में डब्ल्यूआईओ में एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी हुआ करता था। सोवियत नौसेना की सोमालिया में बेरबेरा बंदरगाह तक पहुंच थी और, 1970 के दशक में, जब मार्क्सवादी शासन ने इथियोपिया में सत्ता संभाली थी, उस समय तक सोवियत संघ लाल सागर क्षेत्र में खुद को स्थापित कर चुका था।[38] हालांकि, सोवियत संघ के विघटन के बाद क्षेत्र में रूसी मौजूदगी कम हो गई। 2008-09 में, रूस ने हिंद महासागर की भू-राजनीति में खुद को फिर से स्थापित करने का अवसर देखा। जिसके बाद, डब्ल्यूआईओ में एंटी-पायरेसी प्रयासों में रूसी नौसेना भी एक सहायक बन गई।

समुद्री क्षेत्र को लेकर रूसी नौसेना की महत्वाकांक्षाओं और नीतिगत दृष्टिकोण का उल्लेख 2015 में जारी किए गए समुद्री सिद्धांत में किया गया था।[39] सिद्धांत में कहा गया था कि हिंद महासागर में, रूस की दिलचस्पी समुद्री गतिविधियों की सुरक्षा करने में है जिसमें “समुद्री डकैती

का मुकाबला करना" शामिल है और इस प्रकार यह अपनी "नौसेना की उपस्थिति सुनिश्चित करना चाहता है"।[40] यह आगे बताता है कि, "भारत के साथ मैत्रीपूर्ण संबंधों का विकास हिंद महासागर क्षेत्र में राष्ट्रीय समुद्री नीति का सबसे महत्वपूर्ण लक्ष्य है"।[41] सैन्य अड्डे के साथ लाल सागर में रूस की वापसी एक बड़ा रणनीतिक विकास है। भूमध्यसागरीय तट पर सीरिया में रूसी ठिकाने के साथ, यह इसके हितों और परियोजना शक्ति दोनों को सुरक्षित करने की क्षमता बढ़ाएगा।[42] वास्तव में, रूस और चीन, दोनों ने डब्ल्यूआईओ सहित दुनिया भर में अमेरिका और उसके सहयोगियों को कमजोर करने में दांव लगाया है; और लाल सागर में और उसके आसपास उनके सैन्य अड्डे इस प्रयास में उपयोगी साबित होंगे।

रूस अफ्रीका के साथ अपने संबंधों को भी मजबूत कर रहा है। रूस कई अफ्रीकी देशों के लिए एक प्रमुख हथियार आपूर्तिकर्ता है, और इसने 2019 में सोची में पहले रूस-अफ्रीका शिखर सम्मेलन की मेजबानी की थी।[43] 2019 में, दो रूसी बमवर्षक विमानों ने दक्षिण अफ्रीका की एक असामान्य यात्रा की थी जबकि रूसी नौसेना ने चीनी, ईरानी और दक्षिण अफ्रीकी नौसेनाओं के साथ अभ्यास किया था।[44] ये कदम इस क्षेत्र में रूस की बढ़ती भूमिका और रणनीतिक मामलों में उसकी रुचि की ओर इशारा करते हैं। यह ध्यान देना दिलचस्प है कि क्रेमलिन समर्थित रूसी भाड़े के सैनिकों को आतंकवाद प्रभावित मोज़ाम्बिक और मध्य अफ्रीकी गणराज्य में देखा गया है।[45] ऐसे में, डब्ल्यूआईओ में रूस की वापसी तथा चीन और रूस के बीच बढ़ते सहयोग को हिंद महासागर की उभरती भू-राजनीति के संदर्भ में देखने की जरूरत है। रूस के साथ भारत के पारंपरिक रूप से घनिष्ठ संबंध डब्ल्यूआईओ में भारत-रूस सुरक्षा सहयोग के अवसर खोल सकते हैं, जिसमें रूस द्वारा भारतीय नौसेना को सूडान में अपने अड्डे तक पहुंच प्रदान करना भी शामिल है।

IX. भारत

अपने भौगोलिक स्थान के कारण, भारत हिंद महासागर में केंद्रीय स्थान पर है और माल की मुक्त आवाजाही के लिए वह इस जलमार्ग पर बहुत अधिक निर्भर करता है। 2015 की भारतीय नौसेना की समुद्री सुरक्षा रणनीति में हिंद महासागर के महत्व को उजागर किया गया था जिसमें कहा गया था कि "आईओआर में भारत की केंद्रीय स्थिति, जो मुख्य अंतर्राष्ट्रीय शिपिंग लेन (ISLs) में दोनों ओर फैली है, इसे कई फायदे पहुंचाती है। यह आईओआर के बाहरी छोर पर स्थित है, और लगभग सभी चोकपॉइंट भारत से समान दूरी पर हैं, जिसके कारण इसके समुद्री बलों को पहुंच, जीविका और गतिशीलता की सुविधा पूरे क्षेत्र में प्राप्य है।[46] रणनीति दस्तावेज में आगे कहा गया है कि "भारतीय हित वाले समुद्री क्षेत्रों में भारतीय नौसेना जो अपने निशान छोड़ रही है, उसमें समुद्री पड़ोस में 'सुरक्षा प्रदाता' के रूप में बढ़ते सुरक्षा ढांचे और योगदान के साथ, समुद्री डकैती का मुकाबला करने के लिए तैनाती, समुद्री सुरक्षा, गैर-लड़ाकू निकासी (NEO) और एचएडीआर (HADR) ऑपरेशन शामिल हैं"।[47] फरवरी 2021 में एयरो इंडिया में चीफ ऑफ द एयर स्टाफ कॉन्क्लेव के उद्घाटन सत्र में अपने संबोधन के दौरान रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी आईओआर में भारत के एक सुरक्षा प्रदाता होने के विचार को सामने रखा था। उन्होंने कहा था, "भू-राजनीतिक रूप से भारत हिंद महासागर क्षेत्र में एक विश्वसनीय साझीदार है और यह क्षेत्र में एक शुद्ध सुरक्षा प्रदाता होने की भूमिका निभा सकता है..... एचएडीआर (HADR) में सहयोग और समन्वय के लिए भारत नियमित रूप से अपने पड़ोसियों के साथ अभ्यास करता रहा है, जिसका उद्देश्य विशेषज्ञता को साझा करना और क्षमताओं के निर्माण में सहायता करना है।"[48]

आईओआर इस अर्थ में बेहद महत्वपूर्ण है कि भारत के लगभग 90% तेल और व्यापार इसी के ज़रिये होते हैं। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, अदन की खाड़ी से भारतीय आयात 50 बिलियन अमेरिकी डॉलर जबकि कुल निर्यात 60 बिलियन अमेरिकी डॉलर का है।[49] इस मार्ग का इस्तेमाल करने वाले जहाजों के माध्यम से समुद्री व्यापार की सुरक्षा और निर्बाध आवाजाही एक प्राथमिक राष्ट्रीय चिंता है क्योंकि यह भारतीय अर्थव्यवस्था को सीधे प्रभावित करता है। हिंद महासागर के महत्व और इस तक निर्बाध पहुंच की जरूरत को देखते हुए, भारतीय नौसेना अपने बेड़े का तेजी से आधुनिकीकरण कर रही है, अपनी गतिविधियों का विस्तार कर रही है। इसने सक्रिय अभ्यासों, बंदरगाहों की यात्रा, माल के आदान-प्रदान तथा समान विचारधारा वाले सहयोगियों के साथ सहयोग-समन्वय और आपदा राहत कार्यक्रमों को सक्रिय कर, इस क्षेत्र में अपने कद को ऊंचा किया है। भारतीय नौसेना ने 2008 में अदन की खाड़ी में अपना पहला समुद्री डकैती रोधी ऑपरेशन भी शुरू किया था। इस क्षेत्र के महत्व को प्रधानमंत्री मोदी ने 2018 में शांगरी ला में अपने संबोधन के दौरान भी उजागर किया था, जहां उन्होंने कहा था, "हिंद महासागर विभिन्न संस्कृतियों के क्षेत्रों और शांति एवं समृद्धि के विभिन्न स्तरों को जोड़ता है। इसके पास अब प्रमुख शक्तियों के जहाज भी हैं। दोनों स्थिरता और प्रतिस्पर्धा की चिंताओं को बढ़ाते हैं... इस क्षेत्र में हमारी रुचियां बहुत बड़ी हैं और हमारी व्यस्तताएँ गहरी हैं। हिंद महासागर क्षेत्र में, हमारे रिश्ते मजबूत होते जा रहे हैं। हम अपने दोस्तों और भागीदारों के लिए आर्थिक क्षमताओं के निर्माण में भी मदद कर रहे हैं और समुद्री सुरक्षा में सुधार कर रहे हैं।[50]

पिछले दशकों में, भारत ने इस ओर, क्षेत्र के विभिन्न तटीय राज्यों और द्वीप देशों के साथ सहयोग बढ़ाने के लिए कई द्विपक्षीय और बहुपक्षीय मंच विकसित किए हैं। इसने भारत को उन देशों के लिए एक सक्रिय आर्थिक और रक्षा साझेदार के रूप में उभरने के लिए प्रेरित किया है जो भारत के साथ साझेदारी को मजबूत करना और अपनी आर्थिक एवं सुरक्षा क्षमताओं को

बढ़ाना चाहते हैं। ओमान, मॉरीशस, मेडागास्कर, कोमोरोस और सेशेल्स जैसे राष्ट्रों के साथ संबंधों को विकसित करने पर जोर दिया गया है, जिसमें जरूरत के समय में इन राज्यों की सहायता करना भी शामिल है। उदाहरण के लिए, नवंबर 2020 में, भारत ने हॉर्न में चार देशों (इरिट्रिया, जिबूती, सूडान और दक्षिण सूडान) को खाद्य सहायता भेजी। इसी तरह, फ्रांस[iii], इंडोनेशिया, सिंगापुर, ओमान और अमेरिका जैसे विभिन्न देशों के साथ अपने लॉजिस्टिक समझौतों के माध्यम से, भारत की हिंद महासागर में विभिन्न बंदरगाहों तक पहुंच है, जिनकी मदद से इस क्षेत्र में इसका विस्तार हो रहा है।[51]

इसके अतिरिक्त, मॉरीशस में अगलेगा द्वीप और सेशेल्स में अजम्पशन द्वीप में नौसेना के बुनियादी ढांचे के विकास के द्वारा, भारतीय नौसेना क्षेत्र में स्थायी उपस्थिति बनाए रखने में सक्षम होगी। भारत ने भारतीय नौसेना की रणनीति के तहत संचार की समुद्री गलियों की रक्षा के लिए मेडागास्कर में अपनी पहली विदेशी निगरानी सुविधा भी स्थापित की है। भारत ने 2010 में भी एक सूचना संलयन केंद्र- हिंद महासागर क्षेत्र (IFC-IOR) की स्थापना की है। आईएफसी-आईओआर का उद्देश्य "समुद्री डोमेन को लेकर जागरूकता बढ़ाना है, जिसमें जहाजों की पहचान, निगरानी और निरंतर ट्रैकिंग शामिल है, और जो देश के तटीय एवं अपतटीय सुरक्षा द्वारा समुद्र से किसी भी संभावित खतरे को रोकने के लिए आवश्यक है"।[52] जिन प्रमुख केंद्रों पर समुद्री सुरक्षा सूचनाओं का नियमित आदान-प्रदान किया जा रहा है उनमें वर्चुअल क्षेत्रीय समुद्री यातायात केंद्र (VRMTC); समुद्री सुरक्षा केंद्र- हॉर्न ऑफ़ अफ्रीका (MSCHOA), ब्रेस्ट, फ्रांस में; पायरेसी और सशस्त्र डकैती से मुकाबले को क्षेत्रीय सहयोग समझौता (ReCAAP), सिंगापुर

[iii] The recently announced France, UAE and India –trilateral exercises in the Gulf of Oman under the Varuna banner, highlights the growing strategic relevance of Persian Gulf and the Gulf of Oman in the security calculus of these three countries. The exercises slated to be held in April 2021 will include complex interoperability exercises involving carrier strike groups, anti-submarine warfare aircraft and attack submarines. See: *Hindustan Times*, 9 March 2021, https://www.hindustantimes.com/india-news/quad-france-and-uae-join-hands-in-2-naval-exercises-to-dominate-indopacific-101615248156836.html (Accessed on March, 10 2021)

मुख्यालय; इनफार्मेशन फ्यूजन सेंटर- सिंगापुर (IFC-SG); और इंटरनेशनल मैरीटाइम ब्यूरो-पाइरेसी रिपोर्टिंग सेंटर (IMB-PRC) मलेशिया शामिल हैं। आपस में जुड़ा यह नेटवर्क भारत को क्षेत्रीय समुद्री डोमेन जागरूकता बढ़ाने में अधिक प्रमुख भूमिका निभाने में सक्षम बनाता है।[53] 2020 में, भारत एक पर्यवेक्षक के रूप में जिबूती आचार संहिता में शामिल हो गया, जो इसे डब्ल्यूआईओ में समुद्री सुरक्षा में और योगदान करने की अनुमति देगा।

इस क्षेत्र में संलग्नता के अपने प्रयासों को आगे बढ़ाने के लिए, 2015 में भारत सरकार ने सबके लिए सुरक्षा और विकास कार्यक्रम (SAGAR) की शुरुआत की, जिसका उद्देश्य प्राचीन व्यापारिक मार्गों और सांस्कृतिक संबंधों को पुनर्जीवित करना था। प्रधानमंत्री मोदी ने 2015 में मॉरीशस में ऑफशोर पैट्रोल वेसल (ओपीवी) बाराकुडा के उदघाटन कार्यक्रम के दौरान 'सागर' को लेकर अपनी दृष्टि को स्पष्ट किया था। 'सागर'[54] के विजन में पांच तत्व शामिल हैं- *पहला,* भारतीय मुख्य भूमि और द्वीपों की सुरक्षा करना, और एक सुरक्षित, संरक्षित एवं स्थिर हिंद महासागर क्षेत्र सुनिश्चित करना। *दूसरा,* समुद्री पड़ोसियों और द्वीप राज्यों के साथ आर्थिक एवं सुरक्षा सहयोग को गहरा करना, उनकी समुद्री सुरक्षा क्षमताओं और आर्थिक शक्तियों का निर्माण करना। *तीसरा,* इस समुद्री क्षेत्र में शांति और सुरक्षा को आगे बढ़ाने के लिए सामूहिक कार्रवाई और सहयोग करना। इसे समुद्री सहयोग के लिए विभिन्न क्षेत्रीय तंत्रों को मजबूत करने के प्रयासों द्वारा पूरा किया जाना है- पाइरेसी आतंकवाद से लेकर अन्य अपराधों से निपटने तक; समुद्री सुरक्षा और प्राकृतिक आपदाओं तक।

चौथा, इस क्षेत्र में अधिक एकीकृत और सहकारी भविष्य की तलाश करना जो सभी के लिए सतत विकास की संभावनाओं को बढ़ाता है। ऐसा करने के लिए व्यापार, पर्यटन और निवेश में अधिक सहयोग को बढ़ावा देना; बुनियादी ढांचे का विकास; समुद्री विज्ञान और प्रौद्योगिकी; स्थायी मत्स्य पालन; समुद्री पर्यावरण की सुरक्षा; और, नीली अर्थव्यवस्था को बढ़ावा दिया जाना है।

इसमें, हिंद महासागर रिम एसोसिएशन क्षेत्र में एक स्थायी और समृद्ध भविष्य की दृष्टि को आगे बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण साधन हो सकता है। *पांचवां,* इस क्षेत्र में रहने वाले लोगों पर हिंद महासागर में शांति, स्थिरता और समृद्धि को बनाए रखने की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इसमें भारत संवाद, अभ्यास, क्षमता निर्माण और आर्थिक साझेदारी के द्वारा सभी हितधारकों (समुद्र तटीय और सुदूर) के साथ जुड़ने के लिए तैयार है।

'सागर' की दृष्टि को बढ़ावा देने के लिए, भारत ने वर्तमान में चल रही महामारी के दौरान हिंद महासागर के देशों को सहायता देने के मकसद से 2020 में तीन महत्वपूर्ण मिशन शुरू किए। इन मिशनों ने भारत के रुख को "एक भरोसेमंद साथी और भारतीय नौसेना को पसंदीदा सुरक्षा भागीदार और प्रथम उत्तरदाता" के रूप में रेखांकित किया।[55] सागर-1 मिशन को मई 2020 में मालदीव, मॉरीशस, सेशेल्स, मेडागास्कर और कोमोरोस के लिए खाद्य पदार्थों, कोविड से संबंधित दवाओं और चिकित्सा सहायता टीम पहुँचाने के लिए लॉन्च किया गया था।[56] कोविड-19 महामारी और अन्य प्राकृतिक आपदाओं से लड़ने में राष्ट्रों को सहायता प्रदान करने के अपने प्रयासों को जारी रखने के लिए, भारतीय नौसेना ने अफ्रीकी देशों को खाद्य सहायता प्रदान करने हेतु नवंबर 2020 में अपना सागर-II मिशन शुरू किया। आईएनएस ऐरावत ने भारत से सूडान, दक्षिण सूडान, जिबूती और इरिट्रिया तक खाद्य सहायता पहुंचाई।[57] भारत की एचएडीआर सहायता के हिस्से के रूप में दिसंबर 2020 में सागर-III को लॉन्च किया गया। भारतीय नौसेना के जहाजों ने मध्य वियतनाम और कंबोडिया के बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए प्रत्येक एचएडीआर स्टोर में 15 टन सामग्री पहुंचाई।[58] इस क्षेत्र में अपना विस्तार जारी रखते हुए, भारत ने दक्षिणी मेडागास्कर में भीषण सूखे के कारण उत्पन्न मानवीय संकट से निपटने के लिए 1000 मीट्रिक टन चावल और 100,000 एचसीक्यू टैबलेट की खेप भेजकर मेडागास्कर सरकार की तत्काल अपील का जवाब दिया। 3 मार्च 2021 को आईएनएस जलाश्व पोर्ट ऑफ एहोला में भोजन और चिकित्सा सहायता

लेकर गया।[59] भारत ने मालागासी स्पेशल फोर्स के निर्माण और प्रशिक्षण के लिए मेडागास्कर में भारतीय नौसेना प्रशिक्षण दल भी भेजा।

हिंद महासागर की अपनी वृहत रणनीति के तहत, भारत ने 1997 में आईओआर-एआरसी [बाद में हिंद महासागर रिम एसोसिएशन (IORA)] के गठन में प्रमुख भूमिका निभाई है। इसका उद्देश्य हिन्द महासागर के तटीय राज्यों के लिए एक मंच तैयार करना था, जहाँ उनकी साझा चिंताओं और सामान्य हितों पर चर्चा की जा सके। इसमें क्षेत्रीय संदर्भ में समुद्री सुरक्षा के साथ-साथ उभरती हुई पारंपरिक और गैर-पारंपरिक सुरक्षा, समुद्री डकैती, अवैध मछली पकड़ने, मानव और हथियारों की तस्करी, ड्रग तस्करी और जलवायु परिवर्तन शामिल हैं। इसी तरह, 2008 में भारत ने हिंद महासागर के नौसैनिक संगोष्ठी (IONS) को लॉन्च किया, जिसका उद्देश्य हिंद महासागर के सभी तटीय देशों को पारस्परिक रूप से सहमत क्षेत्रों में बेहतर क्षेत्रीय सुरक्षा प्रदान के लिए एक मंच प्रदान करना था। संगोष्ठी का उद्देश्य नौसेना पेशेवरों के बीच सूचना के प्रवाह को उत्पन्न करना है ताकि एचएडीआर, सूचना सुरक्षा, अंतर-संचालन और समुद्री सुरक्षा जैसे सामान्य हित के क्षेत्रों में एक सामान्य समझ और सहकारी समाधान को विकसित किया जा सके।[60] ये दोनों पहल इस क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा में भारत के बढ़ते कदम और इन महत्वपूर्ण एसएलओसी की सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाए जाने के संकेत हैं।

X. यूरोपीय हितधारक

जहाँ हिंद महासागर भारत की चिंता का सबसे मुख्य समुद्री स्थल है, वहीं यूरोप के लिए सबसे प्रमुख रणनीतिक चिंता का कारण भूमध्यसागर, मध्य-पूर्व और उत्तरी अफ्रीका है- जिसमें बाद वाले दोनों के कुछ हिस्से डब्ल्यूआईओ में आते हैं। इसलिए, यूरोपीय संघ (ईयू) और उसके सदस्य राज्य इस क्षेत्र की समुद्री सुरक्षा में सक्रिय हैं, विशेष रूप से ऑपरेशन अटलांटा

(ATALANTA) के तत्वावधान में सोमालिया के तट पर एंटी-पायरेसी ऑपरेशन में। चूँकि यूरोप का 30 प्रतिशत व्यापार एशिया के साथ होता है, और माल की आवाजाही इन एसएलओसी के जरिये ही होती है, अत: समुद्री गलियारों की सुरक्षा सुनिश्चित करना यूरोपीय संघ के सदस्य राज्यों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

यूरोपीय संघ ने 2019 के अपने फैक्टशीट 'एशिया और उसके आसपास सुरक्षा सहयोग में बढ़ोतरी" में समुद्री सुरक्षा की महत्ता को स्वीकार किया है। इसमें यूरोपीय समृद्धि तथा एशियाई शांति एवं सुरक्षा को निकटता से सम्बद्ध मानते हुए एक खुले और सुरक्षित समुद्री क्षेत्र में योगदान पर जोर दिया गया है।[61] जहाँ पांच यूरोपीय देशों ने (फ्रांस, ब्रिटेन, नीदरलैंड, यूके और जर्मनी) क्षेत्र में अपनी प्राथमिकताओं को रेखांकित करते हुए अपनी इंडो-पैसिफिक नीतियों को सामने रखा है, वहीं मौजूदा पत्र विशेष रूप से डब्ल्यूआईओ में तीन यूरोपीय अभिनेताओं की उपस्थिति पर गौर करता है। ईयू की फ्रांस और यूके के साथ विभिन्न पहलों के ज़रिये क्षेत्र में पर्याप्त उपस्थिति है, जिन्हें अपने औपनिवेशिक अतीत के साथ-साथ क्षेत्र में दीर्घकालिक तैनाती के कारण पारंपरिक शक्तियों के तौर पर जाना जाता है। पत्र में इन सबको स्थान दिया गया है।

1. यूरोपीय संघ

यूरोपीय संघ इस क्षेत्र में 2008 से ही सक्रिय है जब इसने समुद्री डकैती रोधी अभियान को लॉन्च किया था। तबसे, इसने डब्ल्यूआईओ में समुद्री सुरक्षा को बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण रूप से अपने वित्तीय और रणनीतिक संसाधनों को समर्पित किया है। ब्रुसेल्स अपनी आंतरिक स्थिरता और आर्थिक विकास के लिए हिंद महासागर में स्थिरता को केंद्रीय महत्व देता है। इसे यूरोपीय संघ की 2014 की समुद्री सुरक्षा रणनीति में उजागर किया गया था जिसमें उसके हितों को

विस्तार से समझाया गया था। इनमें "क्षेत्रीय सुरक्षा, अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सहयोग एवं शांति, महत्वपूर्ण समुद्री अवसंरचना का संरक्षण, नौपरिवहन की स्वतंत्रता, समुद्र में आर्थिक हितों की सुरक्षा, सामान्य स्थितिजन्य जागरूकता, अंतर्वर्गीय समन्वय, सूचना साझाकरण और अंतर-संचालन" शामिल थे।[62] इस क्षेत्र के लिए एक बहुक्षेत्रीय दृष्टिकोण को बढ़ावा देकर- प्रशिक्षण, सूचना साझाकरण, समुद्री डोमेन जागरूकता के साथ, समुद्र तटीय राज्यों के साथ सहयोग के द्वारा- यूरोपीय संघ ने डब्ल्यूआईओ में पैर जमा लिया है। इस क्षेत्र के लिए इसके चार प्रमुख आयाम हैं- यूरोपीय संघ के नौसैनिक मिशन, जिबूती कोड, समुद्री सुरक्षा (एमएएसई) और यूरोपीय संघ क्रिटिकल मेरीटाइम रूट इंडियन ओसियन (CRIMARIO)।

